कार्यालय अधिष्ठाता छात्रकल्याण
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर छत्तीसगढ़

क्रमांक 1734/छात्र कल्याण/ 2012, बिलासपुर दिनांक 2.11.2012

प्रति,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण/निदेशक/अधिष्ठातागण
विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर,छत्तीसगढ़

विषयः— राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2012 के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता।

———0———

महोदय/महोदया,

विषयांतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर **दिनांक 11.11.2012** को पूर्व वर्ष की भांति भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः **10.30 बजे** से रजत जयंती सभागार मे किया जायेगा।

विषयः "उच्च शिक्षा में गुणवत्ता : छात्रों की अपेक्षाएं"

Sub:- "Quality in Higher education : Expectation of Students"

उक्त प्रतियोगिता हेतु विभागीय स्तर पर एक प्रतियोगी का चयन होगा, जो अध्ययनशाला स्तर की प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जायेगा। प्रत्येक अध्ययनशाला में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतियोगी विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर नगद पुरस्कार राशि क्रमशः **प्रथम रू0 2500/—, द्वितीय रू02000/—एवं तृतीय रू01500/—** प्रदान की जायेगी, साथ ही विश्वविद्यालय स्तर के सभी प्रतियोगियों को मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा रचित पुस्तक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे।

इच्छुक छात्र संबंधित अध्ययनशाला स्तर हेतु अध्ययनशाला के सांस्कृतिक समन्वयक के पास अपना नामांकन **दिनांक 6.11.2012 सायं 4 बजे** तक आवश्यक रूप से करा लें। अध्ययनशाला स्तर की प्रतियोगिता दिनांक **7.10.2012** को अध्ययनशाला के सांस्कृतिक समन्वयक द्वारा निर्धारित स्थान एवं समय पर आयोजित की जायेगी।विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक **9.11.2012** को प्रबंध अध्ययन विभाग में **सायं 3 बजे** आयोजित होगी।

नोटः—समस्त विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि छात्रों के प्रोत्साहन हेतु इस जानकारी को व्यापक रूप से प्रसारित करायेंगे। विभिन्न अध्ययनशाला हेतु नामित साहित्यक एवं सांस्कृतिक सामन्वयक अध्ययनशाला स्तर की प्रतियोगितायें आयोजित करायेंगे एवं विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता में संयोजक को सहयोग प्रदान करेंगे।

1338/CS17
2/11/12

आदेशानुसार

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

पृ0क्र0 1735/छात्र कल्याण/ 2012, बिलासपुर, दिनांक 2.11.2012

प्रतिलिपिः–

1. सचिव/निज सहायक को कुलपति जी/कुलसचिवके सूचनार्थ प्रेषित।
2. समस्त उप /सहायक अ. छा. क. को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. समस्त अध्ययनशालाओं के साहित्यिक/सांस्कृतिक समन्वयकों को आवश्यक
4. कुलानुशासक/छात्रावास अधीक्षकों को सूचनार्थ प्रेषित।
5. मीडिया प्रभारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. वाहन प्रभारी को आवश्यक वाहन व्यवस्था हेतु।
7. समन्वयक एवं सदस्य संचालन समिति को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. विभागाध्यक्ष प्रबंध अध्ययन विभाग को सूचनार्थ।
9. विश्वविद्यालय की विद्या परिषद के समस्त सदस्यों को सूचनार्थ।
10. विभागाध्यक्ष, संगणक विभाग की ओर सूचनार्थ एवं इस जानकारी को इंटरनेट पर अपलोड किये जाने हेतु।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

एनएफ